




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 14 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 22 अक्टूबर 2024 | मूल्य 2 रुपया



आवश्यकता है
पेट्रोल पम्प पर कार्य करने के लिए युवकों की आवश्यकता है
अनुभवी को प्राथमिकता
:: मिलने का समय ::
सुबह 8 बजे से 12 बजे तक एवं शाम 5 से 8 बजे तक
:: संपर्क ::
7354972013
नंदा फ्यूल्स
पता :- नंदा फ्यूल्स, नायरा पम्प, सीतामऊ फाटक, मंदसौर (म.प्र.)


## स्कूल तक नहीं पहुंच पा रहे बच्चे...

# टॉप टेन में मंदसौर जिला..!



### कक्षा पहली में कम प्रवेश, अभियानों की खुल रही पोल

**विभाग ने प्रवेश ना होने के ये बताए कारण...**

✻ उम्र की बाध्यता बढ़ाने के कारण इस वर्ष पहली कक्षा प्रवेश कम हुए। ✻ आयु सीमा में छह माह की छूट बाद में दी गई। ✻ बच्चों का अपने माता-पिता के साथ दूसरे जगह काम के सिलसिले में जाने के कारण। ✻ समग्र आईडी से मैपिंग नहीं होने के कारण भी ऐसे हालात बन जाते हैं। ✻ जगह बदलने के कारण भी बच्चे ठीक से मैप नहीं हो पाते हैं।

**पहली कक्षा में इन जिलों में सबसे कम प्रवेश हुए...**

| जिला | प्रवेश |
|---|---|
| हरदा | दो हजार |
| नीमच | दो हजार |
| नरसिंहपुर | तीन हजार |
| नर्मदापुरम | तीन हजार |
| निवाड़ी | तीन हजार |
| आगरमालवा | तीन हजार |
| शाजापुर | चार हजार |
| मंदसौर | चार हजार |
| बुरहानपुर | चार हजार |
| सिवनी | पांच हजार |

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। सरकारी स्कूलों में नि:शुल्क किताबें, मध्यान्ह भोजन, गणवेश जैसी सुविधाएं मिलने के बावजूद भी प्रवेश लेने वाले बच्चों की संख्या साल दर साल कम हो रही है। प्रदेश की बात करें तो प्राथमिक स्तर पर पहली कक्षा में पिछले साल के मुकाबले दो लाख विद्यार्थी कम हुए हैं। इसके तहत 2023-24 में छह लाख प्रवेश हुए हैं। वहीं इस साल सबसे कम चार लाख बच्चों ने प्रवेश लिया है। बात मंदसौर की करें तो मंदसौर जिला उन टॉपटेन जिलों में शामिल है, जहां सबसे कम प्रवेश हुए है। मंदसौर जिले में कक्षा पहली में इस बार चार हजार बच्चों ने प्रवेश लिया है। गृह संपर्क अभियान और स्कूल चले अभियान जैसे कई अभियान और प्रयास कर बच्चों को स्कूल तक लाने के दावों की पोल खुल रही है। यूं भी कहा जा सकता है कि सरकारी स्कूलों से बच्चों और अभिभावकों का मोहभंग हो रहा है।**

#### साल दर साल कम हो रही संख्या...

स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर नामांकन के जारी आंकड़ों के अनुसार साल दर साल सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या कम हो रही है। हालांकि, राज्य शिक्षा केंद्र ने जिला परियोजना समन्वयकों को निर्देश जारी कर बच्चों का नामांकन दर बढ़ाने के लिए गृह संपर्क अभियान जारी करने और समग्र आईडी से मैपिंग करने के निर्देश दिए हैं।

#### इनका कहना...

इस सत्र में पहली कक्षा में आयु सीमा में एक साल की वृद्धि कर दी गई थी। इस कारण भी विद्यार्थियों की संख्या कम हुई।साथ ही मजदूर माता-पिता काम के सिलसिले में दूसरे शहर में जाने के कारण भी बच्चों की संख्या कम हुई है।

**डा. संजय गोयल, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र.**

## परेड कर दी शहीदों को श्रृद्धांजलि







**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन में परेड कर वीर शहीदो को श्रृद्धांजलि दी गई। परेड के बाद वीरगति को प्राप्त हुए वीर जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके कार्यों कों याद किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अदिति गर्ग, पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद, सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक विपिन जैन सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर श्री आनंद ने कहा कि यह दिन हमे याद दिलाता है कि इस वर्दी ने देश मे अमन चैन के लिए कितना बलिदान दिया है। हमे अपने जवानों की शहादत पर गर्व है जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया।

बता दें कि पुलिस स्मृति दिवस हर साल 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिन उन पुलिसकर्मियों को याद करने के लिए समर्पित है जो देश की सेवा करते हुए शहीद हुए हैं। इस दिन का महत्व इसलिए भी है क्योंकि 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में सीआरपीएफ की एक टुकड़ी पर चीनी सेना द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में 10 जवान शहीद हो गए थे।

### हत्या के मामले में फरार आरोपी धराया

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** गांव सिंदपन में गुमटी संचालक वृद्ध की हत्या के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिसे मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। जानकारी के अनुसार 16 अक्टूबर को 2024 को रात्रि में गुमटी में सो रहे वृद्ध मांगीलाल बावरी (60) की उसी के यहां काम करने वाले मजदूर राजू उर्फ सुखराम पिता रामलाल भील ने हत्या कर दी थी व करीब 40 हजार रुपए नकदी लूटकर फरार हो गया था। हत्या की घटना गुमटी पर लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई थी। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया था। घटना दिनांक से ही आरोपी फरार था, जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर नारायणगढ़ पुलिस ने आरोपी को पहेड़ा मगरा गांव से गिरफ्तार कर लिया। नारायणगढ़ टीआई अनिल रघुवंशी ने बताया आरोपी को बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### जमीन नपती के विवाद में मारपीट

**पिपलियामंडी, 21** जमीन नपती के बाद पत्थर जमाने की बात पर मारपीट हुई। पुलिस ने पिता-पुत्र केस दर्ज किया। पामाखेड़ा निवासी दिनेश पिता मुन्नालाल बावरी ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई खेत के पड़ोसी बंटू से हमने जमीन नपती कराने के बाद पत्थर जमाने की कहा तो बंटू के साथ ही उसके पिता भारतलाल ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।

### पति ने पत्नी को पीटा, मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 21** घरेलू विवाद में पति ने पत्नी को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। मल्हारगढ थाने पर मल्हारगढ निवासी आरज मेव ने शिकायत दर्ज कराई कि मैं मां का इंतकाल होने से पीहर हरिद्वार गई थी। वापस आई तो पति अकील ने गाली-गलौज कर मारपीट की। जिससे सिर, हाथ व कमर में चोंट आई। पुलिस ने अकील पर केस दर्ज किया।

### ढाबे पर खड़ी बाइक चोरी, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पिपलियापंथ (पिपलियामंडी) निवासी विजयसिंह पिता मदनसिंह राजपूत ने मल्हारगढ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत् दिनों सूठोद के निकट ढाबे पर खाना खाने गए थे। बाइक (एमपी 14 एमक्यू 0124) ढाबे के बाहर खडी थी, खाना खाने के बाद वापस आए तो बाइक नही थी। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का पता नही चला। पुलिस चोरी का केस दर्ज किया।

## हाईटेक होगी 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची

### डिजिटल अंकसूची मिलेगी, हालमार्क भी रहेगा

**भोपाल, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** अभी तक माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित 10वीं व 12वीं परीक्षा की अंकसूची डिजिटल प्रिंटिंग होती थी। साथ ही उसपर हालमार्क भी रहता था। अब पांचवीं व आठवीं वार्षिक परीक्षा के विद्यार्थियों को डिजिटल प्रिंटिंग अंकसूची प्रदान की जाएगी। साथ ही डुप्लीकेट अंकसूची से बचने के लिए अंकसूची पर हालमार्क भी लगा होगा। इससे विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम जारी होने के चार से पांच दिन बाद ही सुरक्षा मापदंडों के साथ अंकसूची प्रदान कर दी जाएगी।

स्कूल शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 से पांचवीं व आठवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची को डिजिटल प्रिंटिंग की पूरी तैयारी कर ली है। अभी तक राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से अंकसूची जिलों के स्कूलों में भेजी जाती थी। इससे विद्यार्थियों को अंकसूची एक या दो साल की देरी से मिल रही थी। यही कारण है कि स्कूल शिक्षा विभाग इस सत्र से अंकसूची डिजिटल प्रिंटिंग कर देगा, ताकि विद्यार्थियों को अंकसूची जल्द मिल सकेगी। बता दें, कि अभी तक राज्य शिक्षा केंद्र पिछले साल के 25 लाख विद्यार्थियों की अंकसूची तैयार नहीं कर पाया है। मप्र स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. संजय गोयल ने बताया कि इस बार से पांचवीं व आठवीं बोर्ड परीक्षा की डिजिटल प्रिंटिंग और सुरक्षा मापदंडों सहित हालमार्क अंकसूची प्रदान की जाएगी। इससे विद्यार्थियों को अकसूची जल्द मिल जाएगी और इसका डूप्लीकेट अंकसूची की संभावना भी खत्म हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि अभी तक राज्य शिक्षा केंद्र जिलों के स्कूलों में अंकसूची का प्रोफार्मा तैयार कर जिलों के स्कूलों में भेजता था। जिससे स्कूल में प्रोफार्मा पर अंक भरकर स्कूल प्राचार्य के हस्ताक्षर के बाद विद्यार्थियों को अंकसूची दी जाती थी। इससे कई जिलों में डुप्लीकेट अंकसूची का मामला भी सामने आया है। साथ ही अंकसूची एक-दो साल की देरी से मिलती थी।

### हिसाब पूछा तो पीटा

**पिपलियामंडी, 21** समिति ने हिसाब पूछा तो पीटा। पुलिस ने दो पर केस दर्ज किया। बेटीखेड़ी निवासी दशरथ पिता रामेश्वर जाट ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि दूधाखेड़ी माताजी मंदिर समिति की बैठक में अध्यक्ष होने के नाते मैने हिसाब रखा। वहीं मौजूद पूर्व अध्यक्ष प्रभुलाल जाट व उसके साथ गोपाल जाट ने गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## जुए की फड़ पर पुलिस की दबिश

### तेईस जुआरी धराए, दो भागे, 24 हजार रुपए नगद जप्त

**मल्हारगढ़, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के अठवाल मोहल्ले के एक मकान में चल रही जुए की फड़ी पर दबिश देकर पुलिस ने जुआरियों की गैंग पकड़ी है। मल्हारगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों के 23 जुआरी मौके से पकड़ाए। वही दो जुआरी मौका देखकर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए है। यहां से लगभग 24 हजार रुपए नकदी और ताशपत्ती जब्त की गई है।

पुलिस ने बताया कि जीतेंद्र अठवाल के मकान में जुआ चलने की खबर मिली थी। इसके बाद यहां दबिश दी गई। पुलिस ने यहां से जीतेंद्र अठवाल निवासी मल्हारगढ़, सिद्धार्थ राठौर निवासी नारायणगढ़, आरीफ पटेल निवासी बोतलगंज, मांगूसिंह निवासी पिपलिया मंडी, लालचंद जजवानी निवासी पिपलिया मंडी, रामप्रसाद बागरी निवासी चल्दू, महेश खिचावत निवासी नारायणगढ, गोटुलाल निवासी पहेड़ा, भंवरलाल नायक निवासी कराडिया महाराज, रघुवीरसिंह शक्तावत निवासी बरखेड़ा पंथ, योगेश पोरवाल निवासी मल्हारगढ, ओमप्रकाश धनगर निवासी जीरन को गिरफ्तार किया है। मौके से राजेश अठवाल और राकेश अठवाल निवासी मल्हारगढ़ फरार हो गए। यहां से पुलिस ने 12 हजार 320 रुपए और जाशपत्ती जब्त की है। इसी तरह से मौके से अन्य मामले में दशरथ अठवाल निवासी मल्हारगढ़, प्रभूलाल मेघवाल निवासी केलुखेड़ा नीमच, बाबूलाल निवासी केलुखेड़ा नीमच, प्रकाश भाटी निवासी चंगेरी, गोपाल गायरी निवासी देवरी, जवानसिंह भाटी निवासी चंगेरी, पूनमचंद धनगर निवासी मल्हारगढ, ईमरान खां मेव निवासी मल्हारगढ, शाकिर शाह निवासी कचौली, राहुल माली निवासी जीरन, धन्नालालशर्मा निवासी कोटडी को पकड़ा है। वहीं मौके से राजेश अठवाल और राकेश अठवाल फरार हो गए है। इस मामले में पुलिस ने 11 हजार 160 रुपए और ताशपत्ती जब्त कर गेम्बलिंग एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### दुर्घटना के 2 माह बाद प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 21** दुर्घटना के दो माह बाद पुलिस ने केस दर्ज किया। डेलवास (रतलाम) निवासी शीतलकुमार मकवाना ने पिपलियामंडी थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि 19 अगस्त 2024 को मैं पत्नी संगीताबाई के साथ बाइक (एमपी 41 एमएल 3506) से रामपुरा से रतलाम जा रहा था। इसी दौरान लूनाहेड़ा फन्टे पर बाइक (एमपी 14 एनई 1997) के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टककमर मार दी। पैर, जबड़े व घुटने में फेक्चर होने से मंदसौर के बाद उज्जैन व इंदौर में मेरा उपचार हुआ व ऑपरेशन कराया। शिकायत के दो माह बाद पुलिस ने बाइक चालक पर केस दर्ज किया।

### बाइक की टक्कर से बालक घायल

**पिपलियामंडी, 21** बाइक की टक्कर से बालक घायल हो गया। पुलिस ने केस दर्ज किया। कोटड़ा बहादूर निवासी फारुख पिता फकरु शाह ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि शाम 4 बजे मेरी बुआ के लड़के राजू शाह के 6 वर्षीय बेटे ऐजू को बाइक (एमपी 14 जेडई 7580) के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे ऐजू घायल हो गया, उसे मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल को उदयपुर रेफर किया

**पिपलियामंडी, 21** बोलेरो (जीप) की टक्कर से एक गंभीर घायल हो गया। हालत गंभीर होने से उदयपुर रेफर कर दिया। भदाना (रामपुरा) निवासी कैलाश पिता कन्हैयालाल मीणा ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं साथियों के साथ सर्विस रोड़ पर नारायणगढ तिराहे पर खड़ा था, इसी दौरान बिना नम्बर की बोलेरो (जीप) जिस पर जय श्री महाकाल लिखा था। बोलेरो के ड्राइवर ने मेरे साथी जड़वासा (रतलाम) निवासी शिवराजसिंह पिता गोपालसिंह राजपूत को टक्कर मार दी। मल्हारगढ में अस्पताल के बाद मंदसौर भर्ती कराने के बाद हालत गंभीर होने से उदयपुर रेफर कर दिया।

### रास्ता रोक की मारपीट, चार पर मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 21** मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया। काचरिया चन्द्रावत निवासी बोथलाल गायरी ने पिपलिया चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि विक्रम जाट, विनोद जाट, रामचन्द्र व एक अन्य ने मिलकर मुझे व मेरे भाई गणपत को खेत पर जाने के रास्ते से रोका, गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## अफीम तस्कर को चार साल का कठोर कारावास, 25 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। विशेष न्यांयाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा आरोपी राजू पिता वस्ता प्रजापति, आयु 30 वर्ष निवासी अरनियाली थाना सिणधरी जिला बाड़मेर राजस्थान हाल मुकाम श्री आईमाता हाईवे होटल बायपास जिला मंदसौर को अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी करने के अपराध में दोषी पाते हुए 04 साल का सश्रम कारावास एवं 25 हजार रूपये जुर्माने से दण्डित किया।**

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने घटना के संबंध में बताया कि 01 मार्च 2017 को थाना मल्हारगढ़ में पदस्थ एएसआई संदीप शर्मा को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसायकल क्रमांक एपी 29 एजी 0308 से अवैध मादक पदार्थ अफीम लेकर मंदसौर से मल्हारगढ़ होकर नीमच जाने वाला है। अगर तत्काल दबिश दी जाए तो अफीम सहित पकड़ा जा सकता है। मुखबीर सूचना विश्वसनीय होने से मय फोर्स के टीम के साथ तत्काल महू-नीमच हाईवे रोड पगारिया पेट्रोल पंप के यहां नाकेबंदी की। कुछ देर बाद मुखबीर के बताए अनुसार एक व्यक्ति मंदसौर तरफ से मोटरसायकल चलाकर आ रहा था। जिसे हमराह फोर्स की मदद से रोकने पर उसने अपना नाम राजू पिता वस्ता प्रजापत होना बताया। उक्त व्यक्ति के शरीर पर पीछे की तरफ टंगे काले रंग के बैग की तलाशी लेने पर उसके अंदर पहनने के दो जोड़ी पेंट शर्ट के नीचे एक पारदर्शी पॉलीथीन की थैली में भूरे मटमैले रंग का गीला गाढ़ा पदार्थ भरा होकर थैली से अफीम जैसी गंध आ रही थी।



उक्त पदार्थ का परीक्षण सूंघकर, चखकर किए जाने पर अफीम होना पाया। उक्त अफीम की थैली का तौल करने पर कुल 1 किलोग्राम होना पाई गई। उक्त मादक पदार्थ परिवहन के संबंध में आरोपी से पूछे जाने पर कोई वैध लाईसेंस न होना बताया। मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर पंचनामा बनाया गया। आरोपी के विरूद्ध पुलिस थाना मल्हारगढ़ में अपराध 8/18 एनडीपीएस एक्ट का दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। अनुसंधान कार्य पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्को से सहमत होकर न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।

## अस्सी हजार पार हुआ सोने का भाव

### चांदी में भी तेजी, एक लाख क्रास होने की संभावना

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** सोने-चांदी में तेजी मंदी का दौर लगातार जारी है। जबकि, सोने के भाव में बीते एक साल के दौरान 17 हजार रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। यही नहीं सोना और चांदी इस बार 13 साल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए है। सोमवार को सोने का भाव 80 हजार 100 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंच गया। वहीं चांदी भी बढ़कर 94 हजार 500 रुपए किलो पहुंच गई। चांदी की बात करें तो एक साल में इसके दाम करीब 19 हजार रुपए प्रति किलो बढ़े हैं। अब चांदी एक लाख तक पहुंचने की राह पर है।



दीपावली एवं लग्नसरा की सीजन शुरु हो गई है। इन दोनों अवसरों पर सोने-चांदी के आभूषणो का खास महत्व है। लेकिन, इन दिनो कीमत में तेजी भी लगातार जारी है। सराफा में इनके दामों में अब तक की सबसे अधिक रेकॉर्ड तेजी देखी गई है। हालांकि कारोबारी अब भी तेजी की संभावना कारोबारी बता रहे है। एक साल में ही 30 फीसदी तक सोने-चांदी के दाम बढ़ चुके है। चांदी की खरीदी तो यथावत है। लेकिन, सोने की खरीदी दीपोत्सव से लेकर शादियों को लेकर अधिक होती है। सराफा व्यापारियों की माने तो वैश्विक स्तर पर हो रही घटनाओं का सराफा के दामों में असर पड़ रहा है। इसके कारण तेजी आ रही है। इजराइल से लेकर हमास के युद्ध के कारण दामों में लगातार तेजी बनी हुई है। सराफा बाजार में भीड़ दिखाई दे रही है। पुष्य नक्षत्र से लेकर धनतेरस पर जमकर खरीदी सराफा में होती है।

सराफा बाजार में पिछले एक सप्ताह से लगातार वृद्धि का दौर चल न रहा है। शनिवार को सोने के दाम 79 हजार 650 रहे तो चांदी के दाम 93 हजार 300 थे। वर्ष 2023 में अक्टूबर माह में सोने के दाम 62 हजार 800 तो चांदी के दाम 75 हजार 200 हजार के आसपास थे। यानी एक साल में सोने-चांदी के दामों में 30 फीसदी तक की वृद्धि हो गई है। दामों में वृद्धि का यह दौर निरंतर जारी है।

#### कम कीमत के जेवर की ज्यादा मांग...

कीमतो में तेजी के बाद सराफा बाजार में कम वजन वाले फैसी व विभिन्न प्रकार की डिजाईन वाले जेवरो की मांग बढ़ी है। जिससे की बजट के अंदर आभूषण की पूर्ति हो सके। इसके साथ ही वैवाहिक जीवन के लिए चेन से लेकर अंगुठी और चूड़ियों की खरीदी हो रही है। शहर के सराफा बाजार से लेकर नईआबादी क्षेत्र में ज्वेलर्स की दुकानों पर इन दिनों लोगों की भीड़ देखी जा रही है। कीमत में तेजी का असर सोने की खरीदी पर देखा जा रहा है। हालांकि त्योहार व आने वाले समय की वैवाहिक सीजन के कारण लोग सोने-चांदी के आभूषण खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। पुष्य नक्षत्र से लेकर धनतेरस तक सराफा बाजार में अच्छा कारोबार होने की उम्मीद सराफा कारोबारी जता रहे है। ग्राहको के इंतजार में व्यापारियों ने दुकानों को खास रूप से सजा रखा है।

## विचार-मंथन

# नए भाजपा अध्यक्ष की खोज...

*अब एन. चंद्रबाबू नायडू ने भी जाति जनगणना का समर्थन किया - विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगभग 90 प्रतिशत आबादी के सिस्टम से बाहर होने की समस्या को दूर करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना की गंभीर वकालत कर रहे हैं। उनका तर्क है कि यह जनगणना प्रभावी नीति निर्माण के लिए आवश्यक है क्योंकि इससे दलितों, ओ.बी.सी. और आदिवासियों सहित विभिन्न समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की पहचान करने में मदद मिलेगी। वह केंद्र पर राष्ट्रव्यापी जाति सर्वेक्षण कराने का दबाव बना रहे हैं। अब आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, जो भाजपा के प्रमुख सहयोगी रहे हैं, ने भी जाति जनगणना का समर्थन करते हुए कहा है कि लोगों की भावनाओं का सम्मान करने के लिए ऐसा किया जाना चाहिए।*

भाजपा ने नए पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए संगठनात्मक चुनावों की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसमें के. लक्ष्मण को राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति (एन.ई.सी.) के निर्णय के बाद, पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने आगामी राष्ट्रव्यापी संगठनात्मक चुनावों के लिए लक्ष्मण का समर्थन करने के लिए पार्टी उपाध्यक्ष रेखा वर्मा और सांसद संबित पात्रा और नरेश बंसल को सह-चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। नड्डा जनवरी 2020 से पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं और उनके प्रतिस्थापन के चुनाव की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए उनका 3 साल का कार्यकाल बढ़ाया गया था। पार्टी संविधान के अनुसार, आम सहमति से चुने जाने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल 3 साल का होता है, जबकि भाजपा का 'थिंक टैंक' ओ.बी.सी. या एस.सी. राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने को उत्सुक है क्योंकि इसके कारण उन्हें उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली में अपनी ताकत बढ़ने की उम्मीद है। भाजपा का जोर अब उत्तर प्रदेश पर है जहां लोकसभा चुनाव में भगवा पार्टी केवल 32 सीटें हासिल करने में सफल रही थी। यू.पी. में हार भगवा पार्टी के लिए एक बड़ा झटका थी। इसके शीर्ष नेताओं जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यू.पी. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल थे, ने राज्य भर में दर्जनों चुनावी रैलियों को संबोधित किया था। पार्टी प्रमुख पद के लिए जिन नामों की चर्चा चल रही है उनमें भूपेंद्र यादव और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम शामिल हैं। निगाहें अब महाराष्ट्र चुनाव पर - महाराष्ट्र 20 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को मतगणना के लिए तैयार है। महा विकास अघाड़ी की निगाहें फिर से शरद पवार और पश्चिमी महाराष्ट्र की 70 सीटों पर टिकी होंगी, जिन्हें राज्य का चीनी का कटोरा कहा जाता है। इस क्षेत्र पर लंबे समय से कांग्रेस और एन.सी.पी. का दबदबा रहा है, जो सहकारी क्षेत्र को नियंत्रित करते हैं, चाहे वह सहकारी चीनी मिलें हों, कपास मिलें हों, डेयरी और कृषि उत्पाद हों, क्रैडिट सोसायटी हों या बैंक हों। महाराष्ट्र ऑटोमोबाइल, आई.टी. और कृषि उद्योग का भी केंद्र है जो पुणे, सतारा, सांगली, कोल्हापुर, सोलापुर और अहमदनगर में फैला हुआ है। 2019 के विधानसभा चुनाव में शरद पवार के नेतृत्व वाली एन.सी.पी. ने 27 सीटें जीतीं, भाजपा ने 20 सीटें, कांग्रेस ने 12 और अन्य 5 सीटें अविभाजित शिवसेना के खाते में गई। हालांकि, इस चुनाव में एन.सी.पी. में शरद पवार और अजित पवार के बीच विभाजन से एक अधिक जटिल तस्वीर देखने को मिली। दोनों ही सत्ता को मजबूत करने और क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। इस साल की शुरुआत में लोकसभा चुनाव में अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार बारामती में सुप्रिया सुले से हार गई थीं। मराठा आरक्षण, कृषि संकट और उप-राष्ट्रवाद विधानसभा चुनाव में प्रबल मुद्दे होंगे और यह पश्चिमी महाराष्ट्र में शरद पवार और अजित पवार के लिए असली परीक्षा होगी। उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव - चुनाव आयोग ने 13 नवंबर को उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की है, लेकिन इंडिया गठबंधन की सहयोगी कांग्रेस और सपा अभी तक सीट बंटवारे के समझौते पर नहीं पहुंच पाई हैं। सोमवार को दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व के बीच बैठक हुई, जिसमें कांग्रेस अब 3 सीटों की मांग कर रही है, लेकिन सपा रिश्ता बचाने के लिए गाजियाबाद और खैर जैसी 2 सीटों से ज्यादा देने को तैयार नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और अन्य कांग्रेस नेताओं ने उपचुनावों के लिए टिकट वितरण की चिंताओं को कम करके सपा के साथ गठबंधन के महत्व पर जोर दिया। दोनों पार्टियां मुस्लिम और दलित मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की होड़ में हैं, खासकर फूलपुर, मीरापुर और मझवां जैसी सीटों पर। इन उपचुनावों के नतीजे 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक परिदृश्य को आकार दे सकते हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल या प्रियंका गांधी द्वारा सीट बंटवारे के मुद्दे पर कोई फैसला लिए जाने के बाद ही अंतिम फैसला होने की उम्मीद है। झारखंड विधानसभा चुनाव में झामुमो के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक और भाजपा के नेतृत्व वाले एन.डी.ए. के बीच सीधा मुकाबला है। हालांकि दोनों गठबंधनों ने अभी तक सीट बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप नहीं दिया है। झामुमो ने मैया सम्मान योजना को अपने अभियान का केंद्रबिंदु और आकर्षण बनाया है।

# जन से एकाकार और मोदी युग में सशक्त होती भाजपा

**सुरेश पचौरी**



भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है। इस उपलब्धि के पीछे पार्टी के करोड़ों देवतुल्य कार्यकर्ताओं की मेहनत है। कोई भी संगठन, संस्था अथवा राजनैतिक दल प्रगति के सर्वोच्च शिखर को तभी छू सकते हैं, जब उनके सामने लक्ष्य और दिशा सुस्पष्ट हो। उसका कर्मपथ तदनुरूप निर्दिष्ट हो। उस दिशा में अग्रसर होने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं का विशाल समूह साथ में हो। ऐसे कार्यकर्ता, जो राष्ट्र और समाज की बेहतरी के लिए कटिबद्ध हों तथा निःस्वार्थ सेवा व समर्थ राष्ट्र-निर्माण जिनका संकल्प हो। विश्व की सबसे विशाल सदस्य संख्या वाली भारतीय जनता पार्टी का उदाहरण हमारे सामने है। भाजपा पंचनिष्ठाओं पर आधारित पार्टी है। ये पंचनिष्ठाएं हैं- राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र, सर्वधर्म समभाव, गांधीवादी समाजवाद तथा मूल्य आधारित राजनीति। भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है और वह सदैव राष्ट्रहित में काम करती है। भाजपा प्रत्येक देशवासी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। भाजपा का विरोध सिर्फ अलगाववादियों एवं आतंकवादियों से है। उन देशद्रोहियों और षडयंत्रकारियों से है, जो राष्ट्रहित पर आघात करने के मंसूबे पालते है। विश्व के अग्रणी नेता के रूप में प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के पांच दशक के सार्वजनिक और राजनैतिक जीवन में हमने लोकप्रियता की इस ऊंचाई पर किसी नेता का आरोहण होते हुए नहीं देखा है। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के प्रत्यक्ष अवलोकन से स्पष्ट है कि सदस्य संख्या के मान से भाजपा दुनिया के सबसे बड़े राजनैतिक दल की प्रतिष्ठा पहले ही अर्जित कर चुकी है। किसी संगठन और नेतृत्व का संकल्प जब जनता से जुड़ने, जन-जन से खुद को जोड़ने और अपने आचरण व कार्य व्यवहार से जनता के दिलों को जीत लेने का होता है तो कालांतर में उसका असर स्वयमेव दिखाई देता है। भाजपा ने अपनी नीतियों से संगठन के प्रति लोगों का भरोसा जगाया है। जनमानस में यह धारणा बनने लगी है कि भाजपा ही हमारी हितैषी पार्टी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी ने तो अपना मंतव्य भी स्पष्ट कर रखा है- सबका साथ , सबका विकास , सबका विश्वास। समाज का कोई भी वर्ग इससे अछूता नहीं। किसी के साथ पक्षपात नहीं। किसी के साथ भेदभाव नहीं। श्री नरेन्द मोदी के नेतृत्व वाली केन्द सरकार द्वारा समाज के शोषित, वंचित, पीडित व सर्वहारा वर्ग के हितों में अनेक ऐतिहासिक एवं कल्याणकारी निर्णय लिए गए हैं। महिला सशक्तिकरण के साथ ही नौजवानों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सभी के लिए उत्तम स्वास्थ, शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है। विकसित भारत का सपना संजोये भारतीयों ने मोदी जी से प्रेरित होकर भाजपा के सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। संगठन पर्व 2024 के द्वितीय चरण में पार्टी एवं नेतृत्व के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए देश में अब तक नौ करोड़ से अधिक जिसमें मध्यप्रदेश में लगभग डेढ़ करोड़ लोग भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में पंजीकृत हुए। यह उल्लेखनीय उपलब्धि भाजपा के देवतुल्य सजग कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की वजह से मिल पाई है। भाजपा के केन्द्रीय नेताओं के मार्गदर्शन व मध्यप्रदेश के कर्मठ नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कटिबद्ध है। इस मान्यता में कतई अतिशयोक्ति नहीं है कि श्री नरेन्द मोदी विश्व की पहली पंक्ति के नेताओं में शुमार हो चुके हैं। विश्वमंच पर उनकी बात ध्यान से सुनी जाती है। संकट-समाधान के लिए उनकी ओर आशा भरी नजरों से देखा जाता है। मोदी जी मूलतः संगठन के व्यक्ति हैं। वे बड़े गर्व से स्वयं को भारतीय जनता पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता कहते हैं। यही बड़प्पन उन्हें बड़ा नेता बनाता है। पिछले 23 वर्षों से वे सत्ता के सूत्र संचालन कर रहे हैं। वे 13 वर्ष गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और 10 वर्ष से भारत के सफल प्रधानमंत्री हैं। लोकतंत्र की एक आवश्यक शर्त महाकवि कालिदास की अमर कृति अभिज्ञान शाकुंतलम में मिलती है। कालिदास जी कहते हैं- अविश्रामोऽयं लोकतंत्राधिकारः। अर्थात् लोकतंत्र के अधिकार में विश्राम नहीं। श्री नरेन्द मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो केवल घोषणा करने और निर्णय लेने तक सीमित नहीं रहते बल्कि कार्यान्वयन के प्रत्येक चरण की मानीटरिंग और समीक्षा करते हैं। कमियों को दुरुस्त करवाते हैं। अच्छे काम करने वालों की हौसला अफजाई करते हैं। देश के किस राज्य के किस कोने में क्या नवाचार किया जा रहा है, उसकी समाज के लिए क्या उपादेयता है, इन सबको परखते हुए अपने अनूठे और अभूतपूर्व लोक संवाद मन की बात में उसको रेखांकित करते हैं। मोदीजी ने 10 साल से चल रहे मन की बात कार्यक्रम में हजारों देशवासियों को बेहतर करने की प्रेरणा दी है। भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकर्ता अपने यशस्वी जननेता से प्रेरणा लेकर दोगुने उत्साह के साथ काम करते हैं। श्री नरेन्द्र मोदी जीवन के संघर्षों का सामना करते हुए आगे बढ़े हैं। उन्होंने जब राष्ट्र की बागडोर संभाली, तब गरीब, किसान, नौजवान तथा महिलाएं उनकी प्राथमिकता के केन्द बिन्दु बने। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए निःशुल्क खाद्यान्न, किसानों के लिए सम्मान निधि, गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान चिकित्सा योजना इसके ज्वलंत प्रमाण हैं। प्रधानमंत्री जी हमेशा नये भारत की बात करते हैं। नया भारत कुछ वर्षों के बाद विकसित भारत बनकर दुनिया का सिरमौर बने, इसके लिए आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाना उनकी प्राथमिकता रही है। शिक्षा के क्षेत्र में तो अभूतपूर्व क्रांति हुई है। नई शिक्षा नीति ज्ञान को भारतीयता से जोड़ने की सार्थक पहल है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के सर्वांगीण विकास के लिए जो सपना संजो रखा है, उसे पूरा करने के लिए उनके नेतृत्व में केन्द सरकार प्रतिबद्ध है। निःसंदेह, मोदी जी का हर पल, हर क्षण राष्ट्र के लिए समर्पित है।

# उम्मीदों की जिंदगी, निराशा के बीच आशावान होना

**रितुप्रिया शर्मा**



हममें से ज्यादातर लोग समाज के बेहतरीन हिस्सों और अवसरों को जीएं और अभाव की मार से वंचित लोग अपने हिस्से की रोशनी की तरफ भी न जा पाए, यह ठीक नहीं है। इंसानियत के नाते सोचें तो क्या हमारा उनके प्रति कोई फर्ज या जिम्मेदारी नहीं है? अगर सुविधाओं से भरपूर जीवन जीने वाला इंसान अपने आसपास के निराश लोगों को आशा की किरण दिखाए तो निराशा का अंधेरा उसका शायद कुछ भी बिगाड़ नहीं पाएगा। मगर कई बार ऐसा लगता है कि हम स्वार्थ के पुतले हैं। हम सोचते हैं कि कोई वंचना का मारा व्यक्ति किसी भी हाल में हो, उसकी समस्याओं से हमें क्या मतलब! ऐसे भी घरेलू हिंसा से पीड़ित औरत, बेरोजगारी की आग में जलता युवा, गरीब की मजबूरी और दलित का सम्मान जैसे विषयों की समाज अनदेखी कर देता है। हालांकि यह अनदेखी समाज को महंगी पड़ रही है। अत्याचारी लोग लगातार समाज के इस दबे-कुचले हिस्से को और दबाते हैं, ताकि उनका वर्चस्व बना रहे। ऐसे लोग अपनी पूरी ताकत से कोशिश करते हैं कि स्त्री कभी सिर उठाकर जी नहीं सके, गरीब हमेशा गरीब बना रहे। वे बस इतना चाहते हैं कि उनका अपना धन और वर्चस्व बढ़ते रहना चाहिए। जबकि तथ्य यह है कि इस तरह के लोग केवल यहीं नहीं रुकते। वे एक मोर्चे पर समाज के किसी हिस्से का दमन करने के बाद फिर अपने आसपास भी वही करना शुरू करते हैं। एक समय खुद को सुरक्षित और ऐसे लोगों से खुद को फायदे में मानने वाले लोग भी बाद में शिकार बनते हैं। ऐसे माहौल में क्या उचित कदम उठाया जा सकता है, यह एक विचारणीय प्रश्न है। अगर हम किसी की आर्थिक मदद नहीं कर सकते हैं तो कम से कम इतना तो करना ही चाहिए कि किसी के सम्मान से उसे वंचित न करें। हम उन्हें भावनात्मक संबल दे सकते हैं। कई बार इस तरह के भावनात्मक संबल ही पीड़ित व्यक्ति को उनकी स्थितियों से बाहर लाने में सक्षम बना सकते हैं। यह भी एक प्रश्न है कि यह भावनात्मक संबल किस रूप में और कैसे दिया जाए। बातचीत या संवाद एक ऐसा जरिया है, जिसके तहत हम लोगों को भावनात्मक रूप से सबल बना सकते हैं। बातचीत में थोड़ी-सी संवेदना और प्रेम का प्रदर्शन किसी दुख से जूझते व्यक्ति के घावों को भरने सहायक सिद्ध हो सकता है। आज अगर कोई आत्महत्याओं की जड़ को खोजे तब इसका कारण पता चलेगा कि कोई किसी की नहीं सुनना चाहता। पहले आदमी अपनी साधारण समस्याओं से जूझने की कोशिश करता है। फिर जब उसे लड़ाई अपनी सीमा से बाहर जाती हुई दिखती है तो वक्त पर किसी का साथ नहीं मिल पाता। ऐसे में लगातार वह अकेला पड़ता जाता है और अकेले ही अपनी मजबूरियों के साथ खत्म हो जाता है। उसकी आवाज अगर कोई समय पर सुन ले तो उसे आसानी से मृत्यु का विकल्प चुनने से बचाया जा सकता है। बीमारी चाहे मानसिक हो या शारीरिक, आशा की एक किरण मरीज को मुश्किल या जटिल हालात से उबार ले जाने में सक्षम होती है। कोई भी विवेकवान इंसान बेहतर और संवेदनशील समाज में रहना चाहता है। इस नाते अगर वह इसकी अहमियत को समझता है तो उसका सबसे यही अनुरोध होगा कि चाहे हम किसी को आर्थिक, शारीरिक मदद न कर पाएं, लेकिन उसको भावनात्मक आधार देकर हम उसे एक नया जीवन देने में सक्षम बना सकते हैं। इसके लिए किसी खास वक्त का इंतजार करने के बजाय किसी सही और जरूरतमंद इंसान की पहचान कर तुरंत ही शुरुआत की जा सकती है। उनके पास जाकर यह देखा जा सकता है कि उनकी क्या समस्या है और वे कैसा महसूस करते हैं? इस तरह शायद हम उनकी मदद तो कर ही पाएंगे, साथ ही समाज को भी एक बेहतर और सभ्य दिशा देने में समर्थ हो पाएंगे। बस एक आशा की किरण जगाने भर से कई लोग अपने-अपने घरों को रोशन कर ले सकते हैं। हम संकल्प कर सकते हैं कि न केवल खुद के भीतर, बल्कि अपने आसपास जहां और जिस तरह हमारी पहुंच हो, उनके भीतर भी आशा न टूटे, निराशा न आए। इस बात की जरूरत है कि हम अपने भीतर के सारी दूरी, विभाजन और वैमनस्य को भूलकर समाज के साथ जुड़ें।

# जागृति में मिलेगा अमृत के बोध वाला मीठा जीवन

जीवन दो तलों पर रहकर जिया जा सकता है- बेहोश और जागरूक। दुनिया में ज्यादातर लोग बेहोश जीवन जी रहे हैं। यह बेहोशी उनके काम, उनकी सोच में दिखाई देती है। वे हिंसा की बात करते हैं, युद्ध की बात करते हैं, वे दूसरों को मारने और मिटाने की बात करते हैं। ये सभी लोग बेहोशी वाला जीवन जी रहे हैं। अपने ऐंद्रिक आनंद के लिए दूसरों पर अत्याचार करने वाली समझ एक बेहोश मन में ही पैदा हो सकती है। दुनिया में जहां भी युद्ध हो रहे हैं, वे बेहोश सोच वालों की वजह से ही हो रहे हैं। क्योंकि अगर आप जागरूक हो गए, तो आप युद्ध की भाषा में सोच ही नहीं सकते। जागरूक हो गए तो हिंसा की भाषा में नहीं सोच सकते। जागरूक हो गए तो आप दूसरों पर जुल्म ढाने, दूसरों को पीड़ा देने के बारे में सोच भी नहीं सकते, करना तो बहुत दूर की बात। मनुष्य की विकास यात्रा को देखें तो हम पाएंगे कि हमने जानवरों वाली चेतना के साथ यह यात्रा शुरू की थी। हममें और जानवरों में कोई फर्क नहीं था। लेकिन धीरे-धीरे हमने अपनी चेतना को विकसित होते देखा। अपनी गलतियों से सीखा, अपने शरीर को, अपने मन को और अपनी आत्मा को समझना शुरू किया। जैसे-जैसे हमारी चेतना विकसित होना शुरू हुई हमने अपने दिमाग को भी विकसित होते हुए पाया। यह हमारा सौभाग्य था कि भारत में एक ऐसी सभ्यता विकसित हुई जिसने दुनिया भर के लिए ज्ञान की रोशनी जलाई। यहां ऐसे ऋषि-मुनि, ऐसे तपस्वी और ऐसे अवतार पुरुष पैदा हुए कि मनुष्य की जो जितने जाने कब तक बेहोशी की जंजीरों में बंधी रहती, वह ज्ञान की रोशनी में जागरूक होने लगी। हमें वेद और उपनिषद मिले, हमें पतंजलि ने योगसूत्र दिया, ऋषि वेदव्यास हमें भगवद्गीता दे गए। यह समझ में आया कि मनुष्य सिर्फ शरीर और चेतना ही नहीं, उसमें एक अजर-अमर आत्मा है और यह जान लेने से हममें जागरूकता जन्म ले लेती है। जब हम इस जागरूकता के साथ जीवन जीते हैं, तो जीवन की गुणवत्ता रूपांतरित हो जाती है। जागरूक हसेने के लिए पहले यह समझ लेना जरूरी है कि हम शरीर भर नहीं। हम असल में चेतना है जो ब्रह्म यानी महाचेतना का हिस्सा है। क्योंकि महाचेतना कभी खत्म नहीं होने वाली हमारी चेतना भी कभी नहीं खत्म होती। यह ऐसा ही है जैसे कि समुद्र और समुद्र की सतह से विलग हुई पानी की बूंद। बूंद चेतना है, समुद्र महाचेतना है। बूंद समुद्र से अलग हुई है, लेकिन कुछ देर बाद वह वापस उसी में मिल जाएगी। जब हम कोई गाड़ी चलाते हैं, तो हम गाड़ी नहीं होते। गाड़ी शरीर की तरह है। शरीर में चेतना नहीं, तो वह निर्जीव है। बिना ड्राइवर के गाड़ी का क्या उपयोग। अभी आप एक गाड़ी चलाते हैं, कुछ देर में दूसरी भी चला सकते हैं। इसी तरह आपके पास अभी यह शरीर है, तो कभी दूसरा शरीर भी हो सकता है। पर जैसे गाड़ी को ठीक से ड्राइवर चलाता है वैसे ही इस शरीर से काम करवाने वाली आपकी चेतना होती है। चेतना जितनी परिष्कृत होती जाती है, उतनी ही आपकी जागरूकता बढ़ती जाती है। उतना ही आप जानने-समझने लगते हो कि मनुष्य के रूप में इस पृथ्वी पर, इस दुनिया में आपको क्या काम करने हैं, क्या नहीं करने हैं। आप रंग, जाति, संप्रदाय, धर्म, राष्ट्र की सीमाओं से ऊपर उठने लगते हो। यह परिष्कृत चेतना आपमें पल-पल आपकी सोच से संचालित हो रहे व्यवहार में जागरूकता लाती है। आप नकारात्मक और विध्वंसक सोचने से बाहर निकलने लगते हो। आप सकारात्मक और विधायक सोच की ओर बढ़ने लगते हो और यही सोच आपकी स्थायी प्रकृति बनने लगता है। बुद्ध ने परम ज्ञान पाने के बाद बोधपूर्ण जीवन जीना शुरू किया। बोधपूर्ण यानी हर पल जागा हुआ जीवन। इस जागृति के साथ आप कुछ भी गलत नहीं कर सकते। न अपने साथ। न दूसरों के साथ। लेकिन यह जागृति इतनी आसानी से नहीं आती।




# आज का राशिफल

**मेष** [illegible]

**वृषभ** [illegible]

**मिथुन** [illegible]

**कर्क** [illegible]

**सिंह** [illegible]

**कन्या** [illegible]

**तुला** [illegible]

**वृश्चिक** [illegible]

**धनु** [illegible]

**मकर** [illegible]

**कुंभ** [illegible]

**मीन** [illegible]

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5394

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | | | 9 | 7 | 3 |
| | | | | 4 | | | 8 | |
| | 1 | 3 | 9 | | | | | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 3 | | 2 | 1 | 4 | | 9 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | | | | 9 | 1 | 6 | |
| | 5 | | | 7 | | | | |
| 1 | 7 | 9 | | | 2 | 4 | 3 | 5 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5393

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 3 |
| 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |

## वर्ग पहेली 5394



संकेत: बाएं से दाएं

1. 17 जुलाई 1919 का इस देश संविधान अंगीकार किया गया (4)
4. यह कीड़ों द्वारा बनाया गया एकलीस मैता पदार्थ है जिसे इंसानों द्वारा खाया जाता है (3)
7. ऊनी कालीन या मोटे गद्दे को यह भी कहते है (3)
9. हमला या आक्रमण करने की क्रिया, साप्ताह का दिन (2)
10. परिस्थिति, प्रीति, गमन (3)
12. प्रकार, जेवर, आभूषण (3)
14. शरीर रोम, पशु रोम (2)
15. पुराणानुसार अमृत मंथन के समय निकला प्रचंड विष (4)
17. दयावान, कृपालु, हमदिल (3)
18. गेंदलाल, बकरी का वह गुच्छा जो गला प लटके (2)
21. शासक मंडल, हुकमरान, शासक वर्ग (4)
22. पृथ्वी के भूपटल पर निचले और समतल क्षेत्र यह कहलाते है (3)
24. सैन्य, सारे आगे प्रेषित करना, अपनी जगह से हिलाना (4)

ऊपर से नीचे

1. उत्तरप्रदेश का यह स्थान कांच के उद्योग के कारण प्रसिद्ध है (5)
2. जनलिपीय, लिपिय (3)
3. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
5. विभिन्न भारती से नाटकों पर आधारित प्रसारित होने वाला एक दैनिक कार्यक्रम (5)
6. भाव, मूल्य, निर्ख (2)
8. आलोक, प्रकाश, रोशन (4)
11. चमत्कार, खेलाई लिए हुए (3)
13. पुराणानुसार विभीषण की बड़ी बेटी का नाम (2)
16. पैडिंट, प्रलेख (4)
19. एक प्रकार का मादक पदार्थ (3)
20. वेस्टइंडीज के वेटर एंटीलीज समूह का द्वीप जिसकी राजधानी किंग्सटन है (3)
21. कठोर व्यवहार, निर्दयता (2)
23. आशीरवाद, चबैना, क्षण (2)

### वर्ग पहेली 5393 का हल





# जाबाली कप क्रिकेट टूर्नामेंट के द्वितीय दिवस कातियाखेड़ी, सिखेड़ी व बोरखेड़ी ने जीते मैच

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** घुमंतू समाज उत्थान सेवा समिति मालवा प्रांत के तत्वावधान में नूतन क्रिकेट स्टेडियम में मां जोगणिया माता जाबालि कप 2024 क्रिकेट टूर्नामेंट के द्वितीय दिवस तीन मैच हुए। जिसमें कातियाखेड़ी, सिखेड़ी, व बोरखेड़ी ने अपने मैच जीते।

द्वितीय दिवस अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मानसिंह माच्छेपुरिया, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सारस्वत, भाजपा नेता सुनील जैन महाबली, शिवराजसिंह राणा, निलेश जैन, धीरज पाटीदार, शांतिलाल मालवीय, अनिल कियावत, हिम्मत डांगी, डॉ. भानुप्रतापसिंह सिसौदिया, विनोद जाट, कपिल भण्डारी, गौरव अग्रवाल, समाजसेवी राजेन्द्र चाष्टा, राजाराम तंवर, विक्की गोसल, विक्रम भटनागर, नरेन्द्र पाटीदार, गौतम वप्ता, विष्णु कुमावत, प्रतीक गुप्ता, उत्सव जैन, निखिल जैन, सरपंच संदीपसिंह चौहान, प्रसुन्न मण्डलोई उपस्थित रहे। अतिथियों ने माँ जोगणिया माता एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर श्री माच्छोपुरिया ने कहा कि यह टूर्नामेंट उन युवाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है जो साधन के अभाव में अपनी खेल प्रतिभा को आगे नहीं बढ़ा पा रहे थे। ऐसे आयोजन कर समिति सराहनीय कार्य कर रही है। आयोजन के सूत्रधार रविप्रताप सिंह बुंदेला ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि 2024 में आयोजित इस क्रिकेट टूर्नामेंट में 26 टीमें भाग ले रही है। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आये खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिखायेंगे। घूमन्तु समाज जो भारत देश के स्वतंत्रता के आंदोलन में भाग लिया। सभी क्रांतिकारियों के साथ अग्रीम पंक्ति में खड़े होकर घूमन्तु समाज के लोगों ने देश के दुश्मनों को देश से बाहर निकाला है। सभी अतिथियों का स्वागत मोती की माला पहनाकर प्रांत डोली, विनोद मेहता, रूपदेव सिसोदिया, वासुदेव धनगर, राधेश्याम लोहार, देवीलाल सुनार्थी, बंटी दायमा, मुकेश दायमा, विजय शर्मा, बनवारी जी, नवीन खोखर, ब्रजेश सेन मारोठिया ने किया।

आज के मैच के अंपायर वेदांत व्यास केशव मादलीय अब्बू अमन स्कोरर मिहिर सोलंकी रिदम नाहटा थे। कार्यक्रम का संचालन देवीलाल सुनार्थी ने किया एवं आभार विनोद मेहता ने माना। इन के बीच हुए मैच- सभी मैच 10-10 ओवर के हो रहे है। द्वितीय दिवस पहला मैच कातियाखेड़ी व हिंगोरिया के बीच खेला गया। जिसमें कातियाखेड़ी विजय रही। मैन ऑफ द मैच रिंकु रहे। दूसरा मैच सिखेड़ी और जेतपुरा के बीच हुआ जिसमें सिखेड़ी ने 7 विकेट से मैच जीता तथा मैन आफ द मैच बबलू रहे। तृतीय मैच उमाखेड़ा व बोरखेड़ी के बीच हुआ। जिसमें बोरखेड़ी से 6 विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ मैच संदीप रहे। आयोजन समिति ने सभी खेल प्रेमियों से नूतन स्टेडियम में प्रात: 10 बजे से आयोजित हो रहे क्रिकेट मैच में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने की अपील की है।

## जिले में 11 नगद खाद विक्रय केंद्र प्रारंभ

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में 11 नगद खाद विक्रय केंद्र प्रारंभ हो चुके हैं। जहां से किसान नगद रुपए देकर खाद खरीद सकते हैं। नगद खाद विक्रय केंद्रों में मंदसौर खाद विक्रय केंद्र इंडस्ट्रियल एरिया, मंदसौर मार्केटिंग सोसायटी, मंदसौर एमपी एग्रो महाराणा प्रताप, एमपी एग्रो दलोदा मंडी, सीतामऊ मार्केटिंग सोसायटी, सीतामऊ विपणन सरकारी समिति लदुना रोड, गरोठ मार्केटिंग सोसायटी, सुवासरा मार्केटिंग सोसायटी, शामगढ़ खाद विक्रय केंद्र, भानपुरा खाद विक्रय केंद्र, भवानी मंडी रोड, पिपलिया मंडी मार्केटिंग सोसायटियों में संचालित किये जा रहे हैं। डिफाल्टर तथा अन्य कृषक जिनका खाता सहकारी समितियों में संचालित नहीं है, वे इन केन्द्रों से नगद में उर्वरक प्राप्त कर सकते है। खाद खरीदने के लिए किसानों को नगद विक्रय केंद्र पर खसरा, पावती एवं आधार कार्ड लाना आवश्यक है।

## जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन कल

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन23 अक्टूबर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानसीतामऊमें आयोजित होगा। मेले का आयोजन प्रात: 11:00 बजे से किया जाएगा।

# 20 दिन हो गए आंदोलन को शासन की तरफ से कोई सकारात्मक संदेश नहीं

## पोस्टकार्ड अभियान के 20 वें दिन माहेश्वरी समाज, पूज्य सिंधी भाई बंध पंचायत, सिंधु महल परिवार के प्रतिनिधि हुए शामिल



**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर नागरिक मंच के तत्वावधान में संभाग बनाओ आंदोलन के अंतर्गत प्रतिदिन गांधी चौराहा पर चल रहे पोस्टकार्ड अभियान के 20 वें दिवस माहेश्वरी समाज और पूज्य सिंधी भाई बंध पंचायत सिंधु महल परिवार के प्रतिनिधि गण सम्मिलित हुए। दोनों समाजों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम मंदसौर को संभाग बनाने की मांग के पोस्टकार्ड लिखे और आम जनों से भी पोस्टकार्ड अभियान में अधिक से अधिक पोस्टकार्ड लिखने का आह्वान किया।

माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष महेश बंकट सोमानी ने कहा कि हर क्षेत्र में सक्षम हमारे मंदसौर को कितने अचरज भरी बात है कि हर जन सुविधा और सौगात के लिए संघर्ष करना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज की मांग 50 सालों तक की गई ब्रॉड गेज लाइन की मांग 2 दशकों से नगर वासियों ने की और अब संभाग बनाने की एक जायज मांग के लिए भी हमें प्रतिदिन यहां अभियान चलाना पड़ रहा है। माहेश्वरी समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र चीचानी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और शासन को तत्काल इस विषय को संज्ञान में लेकर ध्यान देना चाहिए। सिंधु महल परिवार के वरिष्ठ दृष्टानंद नेनवानी ने कहा कि हमारा मंदसौर किसी भी बात में पीछे या कम नहीं है। संभाग बनाने की जो हमारी वह मांग है वह ठोस आधार पर की जा रही है यहां का भौगोलिक क्षेत्र अविभाजित मंदसौर जिले के गांव कस्बा और नगरों की संख्या उज्जैन से उनकी दूरी इन सब आधारों को ध्यान में रखकर ही यह आंदोलन चलाया जा रहा है और इसमें सभी को अपना योगदान देना चाहिए।

भाई बंध पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव सेवानी ने कहा कि कितने आश्चर्य की बात है कि 20 दिन से यह अभियान चल रहा है लेकिन शासन की ओर से कोई भी सकारात्मक संकेत नहीं दिया गया। हमें मजबूती से इस आंदोलन को आगे बढ़ाना होगा। पूज्य सिंधी भाई बंध पंचायत और सिंधु महल परिवार के सर्व श्री वासुदेव सेवानी दृष्टानंद नेनवानी नारायण नीहलानी नंदू भाई आडवाणी, त्रिलोक रूपलानी, ताराचंद जैसवानी, राजेश चाहूजा, राम कल्याणी, रमेश लवाणी दयाराम जेसवानी, बादशाह बालवानी शांतिलाल सेवानी, हरीश लालवानी, पवन रूपलानी, मनोहर नेनवानी, गिरधारी पुरुस वानी पुरुषोत्तम शिवानी, नरेश सेवानी, कैलाश मनवाणी, रवि सबनानी, रवि नेनवानी, शैलेंद्र भावनानी हरीश शामयानी विनोद शामयानी रवी कोठारी मोहन पारवानी देवीदास प्रधनानी, महेश प्रधाननी, कन्हैया राय सिंघानी, गोपाल पारवानी मुकेश पारवानी भरत सेवल दासानी मनोज सेवानी दिलीप आडवाणी जितेंद्र मोटवानी भरत मनवाणी प्रदीप लालवानी कमल नेनवानी सुनील नेनवानी गिरधारी लाल जजवानी इसी प्रकार माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष महेश बंकट सोमानी, गोपाल दास पसारी, सत्यनारायण चिचानी प्रहलाद माहेश्वरी सुरेश सोमानी, विजय पलोड बाबूलाल डागा हरि वल्लभ मालू ,कृष्ण कुमार जाखेतिया जयप्रकाश सोमानी मंजू जाखेतिया राखी मंडोवरा संजय मंडोवरा राजेश जाखेतिया मुकेश मंगल सत्यनारायण छापरवाल सुनीता बाहेती वासुदेव सोमानी कृष्ण चंद्र चीचानी प्रहलाद माहेश्वरी राधे श्याम कैलाश सोमानी गंगाधर सोमानी शरद सोमानी आदि शामिल हुए। पोस्टकार्ड अभियान में नियमित सेवा देने वाले अजीजुउल्ला खान खालिद राजा राम तंवर बंसीलाल टांक, राधेश्याम मालवीय श्री मति सीमा चौरडिया ने अपनी प्रतिदिन के अनुरूप सेवाएं प्रदान की।

**21 वें दिन 12 साहित्यिक सांस्कृतिक और सामाजिक संस्थाएं बनेगी सहभागी**–मंदसौर नागरिक मंच के समान व्यक दवाई नरेंद्र अग्रवाल और ब्रजेश जोशी ने बताया कि मंदसौर संभाग बनाओ आंदोलन के अंतर्गत प्रतिदिन गांधी चौराहा पर चल रहे पोस्टकार्ड अभियान में 21 वें दिवस 22 अक्टूबर को नगर की 12 साहित्यिक सांस्कृतिक और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। ये हैं अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला इकाई, मंदसौर मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन जिला इकाई, जन परिषद मंदसौर चैप्टर, सुर संगम भैरवी संगीत कला कल्याण समिति, टैलेंट ऑफ मंदसौर, जनभागीदारी समिति लता मंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय मंदसौर, मोड़ ब्राह्मण समाज मंदसौर हरित क्रांति पर्यावरण समूह, अभिव्यक्ति ओपन माइक मालवा मेवाड़, शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल, सार्थक सोशल वेलफेयर सोसायटी शिवाना एरिया वाटर पार्टनरशिप।

# कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम मेगा कैरियर फेस्ट 2024 सम्पन्न



**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विगत दिनों शासकीय महाविद्यालय के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री अनिल कियावत, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दिनेश गुप्ता, युवा प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री महावीर जैन शामिल हुए और उन्होंने कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए विद्यार्थियों को संबोधित भी किया। मंदसौर की प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था आई.सी.एच. ग्रुप के द्वारा यह कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित हुआ। मेगा कैरियर फेस्ट 2024 के इस आयोजन में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने आकर विषय विशेषज्ञों से अपने कैरियर के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस मेगा करियर फेस्ट 2024 में मुख्य अतिथि श्री अनिल कियावत, श्री नरेश चंदवानी, श्री महावीर जैन और मंदसौर विद्यालय के प्राचार्य श्री दिनेश चंद्र गुप्ता द्वारा प्रेरणादायक भाषण दिया।

कोर्स प्रेजेंटेशन: विश्वविद्यालय के काउंसलर द्वारा विभिन्न प्रकार के कोर्स की प्रस्तुति और छात्रों को प्रेरित करना। करियर काउंसलिंग सत्र: उद्योग विशेषज्ञों से व्यक्तिगत मार्गदर्शन। कार्यशालाएँ और सेमिनार: रिज्यूमे निर्माण, साक्षात्कार कौशल और उभरते करियर रुझानों पर इंटरैक्टिव सत्र। नेटवर्किंग अवसर: शीर्ष कंपनियों के भर्तीकर्ताओं से मिलें और विविध नौकरी के अवसरों का अन्वेषण करें। सफल पेशेवरों से उनके करियर यात्रा और उद्योग अंतदृष्टि के बारे में सुनें। आईसीएच ग्रुप द्वारा विकास और वृद्धि के लिए एक सहायक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें विश्वास है कि यह कार्यक्रम मंदसौर के विद्यार्थियों को भविष्य में होने वाली परेशानियों से और आधुनिक समय में जो निर्णय लेना है उसमें सहयोग प्रदान करेगा।

# आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा संगोष्ठी का आयोजन सम्पन्न



**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा श्री ऋषियानंद आश्रम पर आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि सत्य सर्वोपरि धर्म है। इसका आराधक सभी पापो से मुक्त रहता है। आपने कहा कि धर्मग्रंथों मे 18 प्रकार के पाप बताये गये है इन पापो का कर्ता इन पर झूठ का आवरण डालता है। सत्य व्रत धारण करने वाला झूठ का सहारा नही ले सकता है। इसलिये वह इन पापो से दूर रहता है। आपने कहा कि राजा हरीशचंद्र, धर्मराज युधिष्ठिर, मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम तथा महात्मा गांधी सत्य के आराधक थे। इस कारण उनका चरित्र अनुकरणीय बना है। आपने कहा कि सत्य आचरण चरित्र का आधार है। शिक्षाविद् डॉ. बी.आर.नलवाया ने कहा कि सतत सक्रियता से कौशल व दक्षता बनी रहती है। आपने कहा कि जो जोडता है वह सम्मान पाता है जो तोडता है वह नुकसान उठाता है। आपने कहा कि ज्ञान सदैव उपयोगी होता है। साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि दान का प्रयोजन लोक कल्याण व स्वयं की संतुष्टि होना चाहिये। यश कीर्ति की अभिलाषा से दान का प्रयोजन समाप्त हो जाता है। श्री राजेन्द्र तिवारी एश्री अभयकुमार जैन ने गीत व भजन प्रस्तुत कियेण् श्री भेरूलाल पटेल, श्री यशवंत प्रजापति, श्री राजकुमार जसवंत ने विचार रखे। श्री कृष्णकुमार जोशी, श्री कन्हैयालाल पण्ड्या, श्री शंकरलाल त्रिवेदी, श्री जितेन्द्र भाटी, डॉ.प्रकाश चंदवानी, प्रवीण गुप्ता, महेन्द्रसिंह टुटेजा, सुशील झेलावत ने संवाद मे सहभागिता की। श्री ऋषियानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ.रविन्द्र जोशी ने स्वागत किया। आध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा ने गतिविधियो की जानकारी दी। संचालन आध्यात्मिक संवाद के संयोजक श्री रमेश ब्रिजवानी ने किया व आभार प्रदर्शन समन्वयक श्री प्रकाश कल्याणी ने किया।

## कल लगेगा नि:शुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा शिविर

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर योग शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में जिला आयुष विभाग के सहयोग से नूतन स्टेडियम परिसर स्थित योग भवन में 23 अक्टूबर, बुधवार को प्रात: 9 से दोप. 12 बजे तक नि:शुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा शिविर एवं योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए योग संस्था के संस्थापक योग गुरू सुरेन्द्र जैन ने बताया कि इस शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. कैलाशचन्द्र शर्मा, डॉ. राकेश राठौर, डॉ. नेहा मेहरा, सीएएमओ डॉ. परिधि जैन सहित स्टॉफ द्वारा सेवाएं दी जाएगी। तथा नि:शुल्क दवाईयों का वितरण भी किया जाएगा। प्रभारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. कमलेश धनोतिया ने सभी योग साधकों एवं आमजनों से अपील की है कि इस शिविर का लाभ उठाये।



## रामपुरा में खाद्य सुरक्षा टीम ने की कार्रवाई, खाद्य पदार्थों के चार नमूने लिए

**नीमच, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार मिलावट से मुक्ति अभियान क तहत रामपुरा में सोमवार को कार्यवाही करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा द्वारा जैन उपहार गृह एंड कोल्डड्रिंक्स सेंटर बस स्टैंड से एक नमूना मावा बर्फी लूज, एक नमूना सोयाबीन ऑयल कड़ाई से , एक नमूना मावा बर्फी लूज एवं न्यू महावीर दूध डेयरी कुशलपुरा रोड से एक नमूना गाय दूध लूज के इस प्रकार कुल चार नमूने जांच हेतु लिये गए जिनको जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल को भेजे जाएंगे जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम श्री पवन बारिया ने बताया कि कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा जैन उपहार होटल से चार, नवकार चाय सेंटर से एक, भोलाचार्ट सेंटर से दो, पाटीदार टी स्टॉल से एक, कुल 8 घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग होने पर जप्त किए गए दीपावली के त्यौहार को देखते हुए इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रकरणों का निराकरण विभागीय समन्वय से करें–चन्द्रा

## जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**नीमच, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत जिले में दर्ज प्रकरणों में पीड़ित को तत्काल राहत उपलब्ध कराने के लिये विभिन्न दस्तावेजों की प्रक्रिया की पूर्ति हेतु संबंधित सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें जिससे कि प्रकरणों की स्वीकृति एवं राहत राशि का समय-सीमा में पीड़ित को भुगतान किया जा सके। यह निर्देश सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक में कलेक्टर नीमचश्री हिमांशु चन्द्रा द्वारा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये गए। बैठक में अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत राहत प्रकरणों की जानकारी जिला संयोजक आदिम जाति कल्याणश्री राकेश कुमार राठौर, ने दी। बैठक में अशासकीय सदस्य श्री हेमंत हरित, श्री रतनलाल मालावत, जिला लोक अभियोजन अधिकारीश्री जगदीश चौहान, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री चंद्र प्रकाश नाफडेंविशेष लोक अभियोजक श्री केपीएस झाला, थाना प्रभारी अजाक श्रीमती शब्बी मेव, एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## साप्ताहिक सेवा प्रकल्प के तहत दूसरे दिन गौशाला में गौवंश को चारे व गुड़ का आहार कराया

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री लक्ष्मीलाल सूरजबाई मारू पारमार्थिक ट्रस्ट के सहयोग से जैन सोश्यल ग्रुप मंदसौर ग्रेटर के तत्वाधान में मारू परिवार द्वारा साप्ताहिक सेवा प्रकल्प का आयोजन दिनांक 20 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2024 तक किया जावेगा उसी क्रम में आज 21 अक्टूबर सोमवार को जीवदया प्रकल्प का आयोजन बस स्टैंड गौशाला पर रखा गया जिसमे गोवंश को हराचारा पशु-आहर व गुड़ का आहार कराया गया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथि म.प्र. रीजन वर्कशॉप संयोजक श्री प्रेमेंद्र चोरडिया, ग्रुप के संरक्षक श्री वीरेंद्र मारू, संयोजक श्री विमल पामेचा, ग्रुप अध्यक्ष श्री अशोक झेलावत, सचिंव श्री गौरव मित्तल, मारू ट्रष्ट के श्री ऋषभ मारू, श्री हेमेंद्र मारू, श्रीमती चंदा मारू, श्रीमती पवन मारू,आदि मंचासीन थे। ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री अशोक मारु ने बताया कि प्रतिवर्ष श्री लक्ष्मीलाल सूरजमबाई मारू पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा साप्ताहिक सेवा प्रकल्प का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी यह आयोजन हो रहा है।



## जल संचयन के लिए सभी ग्राम पंचायतों में बोरी बंधान के कार्य प्रारम्भ

**नीमच, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जल संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही सम्भ व है। जल संचय छोटे-छोटे कार्यो से हो सकता है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में छोटी-छोटी जल संरचनाओं पर वर्षा ऋतु के बाद जल के बहाव को रोककर जल संचयन के लिए बोरी बंधान का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसमें मिट्टी का कटाव रोकने के लिए बोरियों में मिट्टी भर कर जल संरचनाओं पर बांध बनाने का काम किया जा रहा है । जिले की सभी 243 ग्राम पंचायतों में बोरी बंधन का कार्य पर प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर ने इस कार्य में ग्रामीणों से भी सहभागिता की अपील की है, ताकि ग्रामीण जन भी अपने-अपने क्षेत्र में जल को संरक्षित कर जल स्तर को बढ़ाने में सहभागी बन सकें। जिले में बोरी बंधान से बहुत कम लागत में खेतों में पर्याप्त नमी से आगामी गेहूं व चने की फसल हो सकेगी और मवेशियों को भी पानी मिलेगा।मिट्टी का कटाव भी रुकेगा। जगह-जगह जल भंडारण होने से भूगर्भीय जल स्तर भी बढ़ेगा।




# पुलिस लाईन में मनाया पुलिस स्मृति दिवस समारोह

**नीमच, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नीमच में 21 अक्टूबर 2024,को जिला पुलिस लाईन कनावटी नीमच में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह में अपने कर्तव्यों का निवर्हन करते हुए, आमजनों की खुशहाली एवं सुरक्षा के लिए गत एक वर्ष में अपने जीवन की परवाह ना करते हुए, अपने प्राणों की आहूति देने वाले देश के 216 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस परिवार नीमच द्वारा श्रृद्धांजलि अर्पित की गई।**

इस मौके पर पुलिस स्मृति दिवस परेड भी आयोजित की गई, जिसमें जिला पुलिस बल एवं एस.ए. एफ.की प्लाटून ने शहीदों को सशस्त्र सलामी दी और अपने श्रृद्धासुमन अर्पित किए। विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिंह चौहान, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला पुलिस अधीक्षक श्री अकित जायसवाल, सी.एस.पी.श्री अभिषेक रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री एन.एस. सिसौदिया, एसडीएम डॉ.ममता खेडे सहित थाना प्रभारियों व जवानों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रृद्धांजली दी। पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने विगत एक वर्ष की अवधि में देश में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए, अंतरिक सुरक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले सभी राज्यों के 216 शहीद पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों और जवानों के नामों की सूची का वाचन भी किया। उल्लेखनीय है, कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हाट स्प्रिंग नामक स्थान पर चीनी हमले का मुकाबला करते हुए, शहीद हुए केन्द्री य रिजर्व पुलिस बल के दस वीर जवानों की शहादत को याद करने के लिए प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाकर, सम्पूर्ण देश में कर्तव्य की बलि वेदी पर प्राण न्यौछावर करने वाले, सभी पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को श्रृद्धांजली अर्पित की जाती है। समारोह में डी.पी.ओ. श्री जगदीश चौहान, ए.डी.पी.ओं.श्री चन्द्रेप्रकाश नाफड़े सभी एसडीओपी श्री विमलेश उईके, कमांन्डीट होमगार्ड श्री युवराज सिंह चौहान, आर.आई श्री विक्रम सिंह, सूबेदार श्री धर्मेद्र गौड़ तथा थाना प्रभारी, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी जिला अधिकारी,पत्रकार, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय जोशी ने किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 1105 | 2275 | 2505 |
| उडद | 206 | 5300 | 7399 |
| सोयाबीन | 6800 | 3690 | 4570 |
| गैहु | 4000 | 2600 | 3255 |
| चना | 221 | 6199 | 6900 |
| मसुर | 210 | 5501 | 6212 |
| धनिया | 405 | 5200 | 6971 |
| लहसुन | 12000 | 10000 | 27500 |
| मैथी | 920 | 4900 | 6041 |
| मुंगफली | 6500 | 4000 | 5500 |
| अलसी | 2060 | 5800 | 6100 |
| सरसो | 373 | 4950 | 5725 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 108 | 9661 | 11901 |
| प्याज | 2000 | 1000 | 3900 |
| कलोंजी | 15 | 10000 | 18281 |
| तुलसी बीज | 8 | 9000 | 19000 |
| डॉलर | 43 | 8100 | 12800 |
| तिल्ली | 101 | 10501 | 11901 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 6 | 2400 | 6501 |
| असालीया | 27 | 9753 | 12851 |
| मूंग | 0000 | 0000 | 0000 |

# उज्जैन में साधु-संतों के लिए बनाए जाएंगे स्थायी आश्रम

## सीएम मोहन यादव बोले- हरिद्वार की तर्ज पर करेंगे विकसित



**उज्जैन, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में हरिद्वार के तर्ज पर साधु संतों, महंत, अखाड़ा प्रमुखों, महामंडलेश्वर इत्यादि को स्थाई आश्रम बनाने की अनुमति दी जाएगी। उज्जैन की पहचान साधु संतों से है। 12 वर्षों में एक बार आयोजित होने वाला सिंहस्थ का आयोजन 2028 में किया जाएगा।

साधु संतों को उज्जैन में आने, ठहरने, कथा, भागवत इत्यादि अन्य आयोजन के लिए पर्याप्त रूप से भूमि भू-खंड की आवश्यकता पड़ती है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा साधु -संतों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्थायी आश्रम बनाए जाने की योजना बनाई गई हैं। निजी होटल्स में साधु संतों और श्रद्धालुओं को इस प्रकार के आयोजनों के लिए चुनौतियां आती हैं। महंगा भी पड़ता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव आज उज्जैन के मेला कार्यालय, उज्जैन के ऑडिटोरियम में सिंहस्थ के संबंध में आयोजित प्रेस-वार्ता को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक सतीश मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, संभागायुक्त संजय गुप्ता, आईजी संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा सहित मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**हरिद्वार के तर्ज पर बनेंगे आश्रम-** मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हरिद्वार में जिस प्रकार साधु -संतों के अच्छे आश्रम बने हुए हैं, उसी प्रकार विकास के क्रम को जारी रखते हुए उज्जैन में भी साधु संतों के स्थायी आश्रम बनाने के प्रयास किए जाएंगे। उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से इस बड़ी योजना को आकार दिया जाएगा। सभी साधू-संतो, महंत, अखाड़ा प्रमुखों, महामंडलेश्वर सभी को आमंत्रित कर उनके स्थायी आश्रम बनाने की दिशा में काम करेंगे। सिंहस्थ के दृष्टिगत सड़क, बिजली, पेयजल, जल निकासी इत्यादि मूलभूत सुविधाओं के लिए भी स्थाई अधोसंरचना का निर्माण किया जाएगा। ताकि अस्थाई निर्माण से होने वाली समस्याएं निर्मित ना हो। हरिद्वार की तरह उज्जैन को धार्मिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्ययोजना तैयार की गई है।

**अधोसंरचना विकास-** सभी प्रकार के फोरलेन, सिक्सलेन ब्रिज आदि स्थायी अधोसंरचना विकास के कार्य किए जाएंगे। सभी मूलभूत सुविधाओं के विकास के साथ साधु -संतों के लिए आश्रम निर्माण के कार्य समानांतर रूप से किए जाएंगे। समाज के इच्छुक सनातन धर्मावलंबियों के माध्यम से अन्न क्षेत्र, धर्मशाला, आश्रम, चिकित्सा केंद्र, आयुर्वेद केंद्र आदि सार्वजनिक गतिविधियों के संचालन कार्य को भी प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन सहित प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। समान रूप से विकास से सभी की खुशहाली के द्वार खुलेंगे। सभी देव स्थानों के आसपास हमारे धर्माचार्य आ जाए यह हमारी प्राथमिकता हैं।



**5 बीघा में आश्रम और पार्किंग-** मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि साधु -संतों को आश्रम निर्माण के लिए अनुमति इस प्रकार दी जाएगी कि 5 बीघा के एक भूखंड पर ही भवन का निर्माण किया जा सकेगा। शेष 4 बीघा भूखंड खुला रहेगा, जिसमें पार्किंग आदि व्यवस्थाओं के लिए पर्याप्त खुला स्थान रहे। यह अनुमति केवल साधु-संतों, महंत, अखाड़ा प्रमुखों, महामंडलेश्वर को ही दी जाएगी। व्यक्तिगत और कमर्शियल उपयोग के लिए इस प्रकार की अनुमति नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि महाकाल महालोक बनने के बाद से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन आते हैं। निरंतर यहां धार्मिक आयोजनों का क्रम जारी रहता है। ऐसे में यह योजना धर्मावलंबियों के लिए बड़ी लाभकारी सिद्ध होगी। इसी को ध्यान में रखते हुए पूरी योजना तैयार की गई है।

**सड़कों का बेहतर निर्माण-** मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन - इंदौर सिक्स लेन कार्य की भी टेंडर प्रक्रिया हो गई है। वहीं उज्जैन- जावरा ग्रीन फील्ड फोरलेन मार्ग का शीघ्र भूमिपूजन किया जाएगा। इसी प्रकार बृहद योजना के तहत इंदौर उज्जैन धार, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर आदि को विकसित किया जाएगा। उज्जैन के धार्मिक मूल स्वरूप को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किए जाएंगे।

**इंदौर-उज्जैन मेट्रो ट्रेन-** मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि इंदौर-उज्जैन मेट्रो ट्रेन का संचालन की सैद्धांतिक स्वीकृति भी दे दी गई है। इसी के साथ उज्जैन, देवास, फतेहाबाद, इंदौर को जोड़ते हुए सर्किल वंदे मेट्रो ट्रेन का भी संचालन किया जाएगा। जिसकी गति मेट्रो ट्रेन की तुलना में अधिक होगी। रेल रूट के साथ उज्जैन के सभी मार्गों का भी सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। उज्जैन से निकलने वाले सभी मार्ग फोरलेन किए जाएंगे। वर्तमान एयरस्ट्रिप का भी उन्नयन कर टेक्निकल रूप से एयरपोर्ट बनाया जायेगा। ताकि 12 महीने हवाई यातायात सुविधा भी उज्जैन को मिल सके। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।





# शराब की अवैध बिक्री को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा-उप मुख्यमंत्री

## संगठित अपराध पर हो कड़ाई से कार्रवाई, आबकारी विभाग को 16 हजार करोड़ रूपये का राजस्व लक्ष्य, व्यवसाईयों के लिये हुई कार्यशाला

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि मध्यप्रदेश में शराब की अवैध बिक्री सख्ती से रोक लगाई जाए साथ संगठित अपराध पर कड़ी कारवाई की जानी चाहिए। श्री देवड़ा ने सोमवार को भोपाल स्थित पर्यावरण अध्ययन संस्थान (इप्को) में आयोजित नवीन आबकारी नीति/आबकारी व्यवस्था वर्ष 2025-26 के निर्धारण के संबंध में मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों के लायसेंसियों की कार्यशाला में कही। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने आसवक एवं देशी/विदेशी मदिरा विनिर्माताओं एवं बार-लायसेंसियों के साथ भी बैठक की। श्री देवड़ा ने वाणिज्यक कर विभाग की उपलब्धियों को लेकर भी चर्चा की।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि उनका कर्तव्य है कि अधिकारी अपने मुख्यालय पर रहकर अवैध कार्यो के प्रति सजग रहें। उन्होने कहा कि किसी भी परिस्थिति में मदिरा का अवैध परिवहन ना हो तथा संगठित अपराधियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रदेश में शराब के अवैध कारोबार पर पैनी नजर रखी जाएगी और जहां भी अवैध कारोबार या कालाबाजारी की सूचना मिलती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार को राजस्व देने में वाणिज्यकर विभाग का महत्वपूर्ण योगदान है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में आबकारी विभाग का राजस्व लक्ष्य 16 हजार करोड़ रूपये है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के समन्वित प्रयास से यह लक्ष्य भी हम प्राप्त कर लेगें। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा निरंन्तर नए-नए नवाचार किये जा रहें हैं। विभिन्न राज्यों की आबकारी नीति का अध्ययन किया जा रहा है। उनकी अच्छाईयों को प्रदेश की आबकारी नीति में संम्मिलित किया जाएगा। उन्होने कहा कि नीति तभी ठीक होगी जब अनुभवी लोगो से बात की जायेगी। कार्यशाला में प्रदेश के मदिरा व्यावसायियों एंव ठेकेदारों द्वारा उप मुख्यमंत्री को अपनी समस्या से भी अवगत कराया गया। उप मुख्यमंत्री श्री देवडा ने कहा कि अगर समस्या है तो उसका समाधान भी सरकार करेगी। कठिनाईयों को दूर किया जायेगा। सरकार बहुत सजग है। उन्होनें विभागीय अधिकारियों का निर्देश दिये कि प्रदेश के शराब व्यावसायियों की समस्या को हल करने का प्रयास करे। श्री देवड़ा ने कहा कि प्रदेश के राजस्व प्राप्ति में आबकारी विभाग का अहम भागीदारी रहती है। कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि आबकारी विभाग के द्वारा ई-आबकारी पोर्टल के माध्यम से लायसेंसियों को अनेक सुविधाऐं प्रदान की गईहैं, जिससे अधिक पारदर्शिता के साथ कार्य संम्पादित किये जा रहें हैं तथा राजस्व में निरंन्तर वृद्धि हो रही है। लायसेंसी भी नियमानुसार अपनी दुकान एवं बार का संचालन करें, विभाग द्वारा किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर लायसेंसियों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जावेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि विभागीय अधिकारियों से अपेक्षा है कि आप सभी जनप्रतिनिधियों/मंत्रियों/विधायकों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करें एवं निराकरण के बाद संबंधित को अवगत भी कराया जाए। आबकारी अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन कर आबकारी अपराधों पर रोक लगाना हम सभी का दायित्व है। सभी के समन्वित प्रयास से वर्ष 2025-26 के लिए संतुलित आबकारी नीति बनाना ही विभाग का लक्ष्य है। आशा करता हूं कि हम इसमें पूरी तरह सफल होगें। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर श्री अमित राठौर ने कहा कि प्रदेश के राजस्व में मदिरा व्यावसायियों का बड़ा योगदान रहता है। उन्होने अपेक्षा कि जनता के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखा जाना चाहिए। आबकारी आयुक्त श्री अभिजीत अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी एवं मदिरा व्यावसायियों/लाइसेंसियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# विपीन जैन वाणिज्यिक कर विभाग परामर्शदात्री समिति के सदस्य बने



**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** संसदीय कार्य विभाग द्वारा शासन के विभिन्न विभागों के लिए परामर्शदात्री समितियां का गठन वर्ष 2024-26 के लिए किया गया है जिसमें क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विपिन जैन को वाणिज्य कर विभाग परामर्शदात्री समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत किया है मुख्यमंत्री माननीय श्री मोहन यादव द्वारा अनुमोदित उक्त समिति में 6 सदस्य हैं समिति के प्रमुख प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व वित्त व वाणिज्य कर मंत्री श्री जगदीश जी देवड़ा है वहीं सदस्य के रूप में नामांकित किए जाने पर विधायक विपिन जैन द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव और उपमुख्यमंत्री और वित्त, वाणिज्य कर मंत्री श्री जगदीश देवड़ा को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# जिले में सक्रिय सदस्यता अभियान निरंतर जारी



**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी जिला मंदसौर के 18 ही सगंठनात्मक मंडलो भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के नेतृत्व में सक्रिय सदस्यता अभियान निरंतर जारी है।

इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत भाजपा गरोठ मंडल में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सेठिया एंव भाजपा गरोठ मंडल अध्यक्ष उमराव सिंह गुर्जर सहित पदाधिकारियों ने विधायक चंदर सिंह सिसोदिया की सदस्यता का नवीनीकरण किया गया। इस अवसर पर अभियान के प्रभारी रवींद्र पुरी गोस्वामी महेश जी सेठिया एवं गोकुल सिंह जी चौहान सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एंव कार्यकर्तागण उपस्थित थे। साथ ही सक्रीय सदस्यता अभियान के इस क्रम में भाजपा धुंधड़का मण्डल के शक्ति केंद्र कुचड़ोद पर मण्डल अध्यक्ष जीवन शर्मा के नेतृत्व में सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत भाजपा के सक्रिय-सदस्यता का नवीनीकरण किया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता हरिसिंह चावड़ा, मंडल महामंत्री देवीलाल सिसोदिया, किसान मोर्चा जिला मंत्री गोपाल गुजरिया, जनपद पंचायत सदस्य प्रेमसिंह पंवार, बिहारी गोयल, महेंद्रसिंह गुर्जर, लक्ष्मीनारायण परमार, घनश्याम सोनी, बलवंत सिंह, मांगीलाल धनगर, लाला कुमावत, जितेंद्र सिंह सहित मंडल में निवसरत भाजपा पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# हरसोला जैन पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष नियुक्त



**भानपुरा, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** वरिष्ठपत्रकार अमित जैन हरसोला को अखिल भारतीय जैन पत्रकार संघ का मन्दसौर जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया हे उनकी नियुक्ति सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक हिम्मत मेहता, श्रतुराज बुडावन वाला, मुख्य सलाहकार जवाहर डोसी, राजेश नाहर संस्थापक अध्यक्ष संजय लोढ़ा कि सहमति से प्रदेश अध्यक्ष संदीप डाकोलिया व प्रदेश महासचिव शिरीश सखलेचा ने की, अमित हरसोला कि नियुक्ति पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल नाहर प्रेस क्लब भानपुरा अध्यक्ष हरिकृष्ण मरमट, सचिव करण भुटानी, वरिष्ठ पत्रकार लालचंद रुद्रवाल, विपीन सेठी, सुनील माली, सन्नी भट्ट, साहिल अगवान, कमल राठोर सहित कई गणमान्य नागरिकों ने बधाई दी।



# राज्य स्तरीय महिला-पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का शुभारम्भ

## खेल मैदानों के साथ उत्तम खिलाड़ियों की ज्यादा आवश्यकता है-सिसोदिया

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** खेल मैदान के साथ आज हमें खिलाडियों की ज्यादा आवश्यकता है खेल सुविधा हो और खिलाडी न हो तो मैदान सुने हो जायेगे उक्त उदगार मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया ने उच्च शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय महिला पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के उद्धाटन समारोह पर व्यक्त किये वही जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा ने कहा की खेलो मे अब विकास होता जा रहा है हॉकी टर्फ उसी की मिसाल है वही नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमति रमा देवी गुर्जर ने कहा की खेलो मे अब भविष्य बनाना आसान हो गया है और महिलाए अब ओलंपिक मे भी भारत को मेडल दिला रही है प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कालेज की जनभागीदारी अध्यक्ष श्री नरेश जी चंदवानी ने कहा की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का होना हमारे लिए गर्व है आपने कहा की पूर्व विधायक श्री सिसोदिया ने टर्फ मंदसौर की जमी को एक सौगात के रूप अथक प्रयास से दिलाया है मंदसौर के खिलाडी हमेशा इसके आभारी रहेगे. उक्त प्रतियोगिता मे उज्जैन, सागर, जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल, छिंदवाड़ा, इंदौर से महिला पुरुष कुल तीन सो बीस खिलाडी अपना जौहर दिखा रहे है। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई इसके बाद मंचासीन सभी ने प्रदेश से पधारे हुए कोच मेनेजर का भी स्वागत किया। इसके बाद खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्राचार्य डॉ. डी. सी. गुप्ता ने माना। कार्यक्रम का सफल संचालन क्रीड़ा अधिकारी राजू कुमार ने किया।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने आठ नमूने लिए



**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला कलेक्टर के निदेशानुर्सार आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए, खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 21 अक्टूबर सोमवार को कार्यवाही के दौरान छ: संस्थानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते आठ नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि 21 अक्टूबर सोमवार को कार्यवाही के दौरान मंदसौर के कृष्णा रेस्टोरेन्ट धुंधडका फंटा दलौदा से मावा की बर्फी, सेंव बालाजी रेस्टोरेन्ट बडवन फन्टा दलौदा से मावा की मिठाई, दिपक होटल बडवन फन्टा दलौदा से मावा कतली, चारभुजा स्वीटस बडवन फंटा दलौदा से केशर मावा पेठा, बंजारी बालाजी रेस्टोरेन्ट भावगढ़ फन्टा मावा मिठाई और जय श्री कृष्णा रेस्टोरेन्ट भावगढ फन्टा से सेंव और मावा मिठाई के नमुने लियें गयें हैं। सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र भोपाल भेजे गये है जहां से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान सभी संस्थानो को अपने यहां साफ सफाई रखने एवं पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।

# ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में सिंगल्स और डबल्स में पिता पुत्र विजयी



**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन मन्दसौर के तत्वावधान में आयोजित ओपन टूर्नामेंट रविवार रात सम्पन्न हुए।

विभिन्न आयु वर्ग के 16 इवेंट में 130 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अंडर 11 आयु वर्ग में फ़ायनल मुकाबले में विआन पाटीदार ने अर्णव को सीधे सेटों में हराया। वहीं अंडर 30 आयु वर्ग के डबल्स मुकाबले में विआन के पिता यश पाटीदार और हितेश सोनी की जोड़ी ने अंकित मंडोवरा और रोमिल जैन की जोड़ी को पराजित कर खिताब जीता। अंडर 11 आयु वर्ग गर्ल्स में दिविना अर्पण जैन चेम्पियन रही। इसी प्रकार अन्य आयु वर्ग प्रतिस्पर्धा में रीत, यामिनी, आराध्य, अयांश, अभिराज, निमिष, पर्व विनायका, अनुज्ञा, आर्चि, दिव्यांशी, चेष्टा, विराज, चिन्मय वारुणे, तन्मय जैन, पर्व खींची, मेहुल असंगे आदि ने विजय प्राप्त की। ओपन टूर्नामेंट में पिता यश पाटीदार एवं पुत्र विआन पाटीदार ने अपने ग्रुप में विजय प्राप्त कर सफलता प्राप्त की। यह टूर्नामेंट के आकर्षण का केंद्र रहा। मन्दसौर के नूतन स्टेडियम बैडमिंटन कोर्ट पर सम्पन्न हुए ओपन टूर्नामेंट में पुरस्कार जिला कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग एवं इन्कम टैक्स जॉइंट कमिश्नर भोपाल श्री सागर श्रीवास्तव ने प्रदान किये। स्वागत संबोधन एवं टूर्नामेंट की जानकारी बैडमिंटन एसोसिएशन सीनियर वाइस प्रेसिडेंट वरिष्ठपत्रकार डॉ घनश्याम बटवाल ने दी। फ़ाइनल मैच अतिथियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित खेलप्रेमियों के उत्साहवर्धन के बीच खेले गए। कलेक्टर श्रीमती गर्ग एवं इनकम टैक्स कमिश्नर का स्वागत ब्रजेश सिंह जादोन्न, नवीन जैन डॉ आशीष भट्ट, समर ओझा, सुनील वारुणे, कुलदीप सिंह चौहान, लोकेंद्र चौबे, चेष्टा बैरागी आदि ने के। पुरस्कार वितरण समारोह संचालन डॉ घनश्याम बटवाल ने किया। आभार नवीन जैन ने माना।

# कनघट्टी में वित्तीय साक्षरता व सर्तकता कार्यक्रम सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मप्र ग्रामीण बैंक शाखा कनघट्टी का वित्तीय साक्षरता व सर्तकता कार्यक्रम नाबार्ड के तत्वावधान में गांव कनघट्टी ग्राम पंचायत परिसर में सम्पन्न हुआ। जिसमें बैंक के डीआरएम धर्मपालसिंह, नाबार्ड के बीडीएमओ योगेन्द्र सैनी, सरपंच मनीष पाटीदार, शााखा प्रबंधक दीपक मीणा आदि थे। जिसमें नाबार्ड अधिकारी ने अटल पेंशन, जन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, शासकीय ऋण, समूह लोन की जानकारी ग्रामीणों को देकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर सहायक शाखा प्रबंधक पैगाम मोदी, केशियर अशोक फरक्या, गोविन्द कुमावत, शब्बीर मंसूरी, कारुलाल प्रजापत, गोपाल कीर, शांतिलाल आजाद, लक्ष्मण हिंदल आदि उपस्थित थे। संचालन प्रवीण बकोलिया ने किया।


**✻संयुक्त उठवाना✻**

हरीश शर्मा के काका साहब दिनेश श्रोत्रिय के पिताजी तुषिन के दादाजी अगस्त्य (इक्षु) के परदादाजी श्री भंवरलाल जी श्रोत्रिय का देवलोकगमन दिनांक 20 अक्टूबर रविवार को हो गया है। इनका संयुक्त उठवाना शोकाकुल श्रोत्रिय परिवार और ससुराल पक्ष श्री गोपाल नारायण जोशी, जोशी परिवार रतलाम द्वारा दिनांक:- 22 अक्टूबर मंगलवार समय :- दोप 1 बजे स्थान- पं.मदनलाल जोशी सभागार संजय उद्यान नई आबादी मंदसौर पर रखा गया है।



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
श्रोत्रिय परिवार मंदसौर
एवं जोशी परिवार रतलाम


# मप्र राज्य जैव विविधता क्विज 2024 का हुआ आयोजन

## 108 टीम ने की सहभागिता, दशपुर विद्यालय रहा प्रथम

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** 21 अक्टूबर को मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड के सानिध्य में मन्दसौर जिले अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज का आयोजन शासकीय उत्कृष्टमाध्यमिक विद्यालय मन्दसौर में किया गया।

मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा आयोजित जिला स्तरीय जैवविविधता क्विज में मन्दसौर जिले के कुल 108 विद्यालयों की टीम सम्मिलित हुई। क्विज प्रतियोगिता में दशपुर विद्यालय मन्दसौर की टीम द्वारा प्रथम, सुभाष इंग्लिश स्कूल मन्दसौर द्वारा द्वितीय एवं लोटसवैली स्कूल मन्दसौर द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को कलेक्टर मन्दसौर श्रीमती अदिति गर्ग, वनमण्डल अधिकारी मन्दसौर श्री संजय रायखेरे, उप वनमण्डलाधिकारी गरोठ श्रीमती सरोज रोज एवं शासकीय उत्कृष्टमाध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनीता प्रधान द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गये। साथ ही मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार पाने वाली टीमो स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कास्य पदक वितरित किये गये।

# सोयाबीन उपार्जन के लिए किसान सत्यापन का कार्य दो दिवस में पूर्ण करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। कलेक्टर श्रीमती अदिती**



**गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई।**

बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि, सोयाबीन उपार्जन के लिए किसान सत्यापन का कार्य आगामी दो दिवस में शत प्रतिशत पूर्ण करें। 25अक्टूबर से सोयाबीन खरीदी का कार्य शुरू होगा। सोयाबीन खरीदी में किसानों को कोई समस्या न हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। आगामी 24 अक्टूबर से सोयाबीन खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग का कार्य शुरू होगा। सोयाबीन खरीदी के दौरान गुणवत्ता चेक करने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करें। सभी एसडीएम किसान सत्यापन के कार्य की लगातार समीक्षा करें। सीतामऊएसडीएम बसई क्षेत्र में उद्योगपतियों के साथ एक बैठक आयोजित करें तथा बसई क्षेत्र में उद्योग स्थापना की प्रगति की समीक्षा करें। औद्योगिक क्षेत्र में भूमि आवंटन संबंधित मामले का तुरंत निराकरण करें। पीएचई विभाग ग्राम पंचायत में पेयजल योजना के संपूर्ण कार्य पूर्ण होने के बाद ही पंचायत को सुपुर्द करें। अधूरे कार्य करके पंचायत को सुपुर्द न करें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।


✻ पूजारी चाहिए ✻

श्री हरिहर धाम

वेदांत विहार, लक्ष्मी नगर, अभिनंदन रोड, मंदसौर

मंदिर में विराजित दिव्य प्रतिमाओं के पूजन और आरती के लिए पूजारी की आवश्यकता है।

✻✻ संपर्क समय✻✻

दोपहर 2 बजे से शाम 06 बजे तक

मो. 9424033322, 9425105927


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।

फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in